स्पीड पोस्ट
19/04/2021

सेवा मे,

Att. GM Planning
19/4/22

26686
18-4-22

मीना मागव
महाप्रबन्धक (नियो०/वास्तु)
प्रथम अपीलेट अधिकारी

विषय :- जन सूचना अधिनियम 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचना न देकर, प्रार्थी को व्यक्तिगत रूप मे प्राधिकरण कार्यालय मे उपस्थित होने का बाध्य करना एक प्रकार का RTI उल्लंघन एवं प्रताड़ना है।

श्रीमति / श्री मान जी,

कृपया मेरे पत्र दिनांक 10/11/2021 के संज्ञान मे जिसके अंतर्गत सूचना मांगी गई प्रति संलग्न है। आपने कोई सूचना नही दी जो कि एक पत्र द्वारा दी जा सकती थी।

परन्तु आपने अपने कार्यालय के पत्र सं० RTI/2022/175 दिनांक 13/01/22, पत्र सं० नियो० अपील/2022/336 दिनांक 31/01/22 एवं पत्र सं० नियो० RTI/अपी. 2022/399 दिनांक 25/2/22 एवं पत्र सं० नियो० अपील/2022/433 दिनांक 06/04/2022 (प्रतियां संलग्न है) प्रार्थी को व्यक्तिगत रूप मे उपस्थित होने को बाध्य कर रहे है जबकि प्रार्थी ने ऐसी कोई इच्छा नही की है। आपका व्यवहार जन सूचना अधिनियम का पूर्ण रूप से voilation है। मांगी गई सूचना Document basis है। उसमे एक 70 वर्षीय को 80-90 किलो

P.T.

# ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01 सैक्टर–नॉलेजपार्क–4 ग्रेटर नोएडा सिटी,
गौतम बुद्व नगर

पत्रांकःनियो0 / आर0टी0आई / 2022 / 175
दिनांक 13/01/2022

सेवा में,

Sh.Chaman Lal Verma
J-35, Arya Samaj Road
Uttam Nagar, New Delhi-110059

विषयः– जन सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के आर0टी0आई0 पत्र संख्या–19954 के सम्बन्ध में।

कृपया अपने आर0टी0आई0 पत्र दिनांक 16.11.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें आपके द्वारा भूखएड संख्या–बी–144, एन.एस.जी. सोसाईटी, ग्रेटर नौएडा में सूचना हेतु आवेदन किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आप किसी भी कार्यदिवस में आकर आवंटि होने के साक्ष्य के साथ सम्बन्धित पत्रावली का परीक्षण कर सूचना सकंलित कर निर्धारित शुल्क जमा कर सूचना प्राप्त कर सकते है।

Cost of documents already paid Rs. 20/-

सहा0 जन सूचना अधिकारी
नियोजन अनुभाग

प्रतिलिपिः नोडल अधिकारी सी0आर0सेल0 को आर0टी0आई निस्तारण के सम्बन्ध में।

सहा0 जन सूचना अधिकारी

# ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट संख्या 01, सैक्टर नालेज पार्क–04, ग्रेटर नोएडा सिटी,
गौतमबुद्ध नगर 201308

पत्रांक–नियो0 / अपील / 2022 / 336
दिनांक 31 / 01 / 2022

सेवा में,
Chaman Lal Verma
J-35 Arya Samaj
Road, Uttam Nagar
New Delhi - 59

महोदय,

कृपया जन सूचना अधिकारी अधिनियम–2005 के अन्तर्गत अपील संख्या 3390 के तहत की गई अपील दिनॉक 4.1.22 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसमें आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक के प्रत्युत्तर पत्र में सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

उपरोक्त के संबंध में अवगत कराना है कि आपके अपील पत्र में आपको व्यक्तिगत रुप से प्राधिकरण कार्यालय में सुनवाई हेतु दिनॉक 15.2.22 को 12.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कक्ष में नियत की जाती है। कृपया उक्त दिनॉक एवं समय पर सुनवाई हेतु उपस्थित होने का कष्ट करे ।

भवदीया,
Meena
31/1/2022
(मीना भार्गव)
महाप्रबन्धक (नियो0 / वास्तु0)
प्रथम अपीलेट अधिकारी

प्रतिलिपिः–

- जन सूचना अधिकारी (नियोजन) संलग्न आर0टी0आई0 पत्र आपको इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि कृपया निर्धारित तिथि व समय पर आवेदक द्वारा चाही गई सूचना की पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें ।

महाप्रबन्धक (नियो0 / वास्तु0)
प्रथम अपीलेट अधिकारी

प्लाट संख्या 01, सैक्टर नालेज पार्क–04, ग्रेटर नोएडा सिटी,
गौतमबुद्ध नगर 201308

पत्रांकः–नियो0 / आर.टी.आई / अपील / 2022 / 3.99
दिनांक 25 / 02 / 2022

आदेश

श्री चमनलाल वर्मा द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु अपने पत्र द्वारा प्राधिकरण में आवेदन किया गया था । प्राधिकरण द्वारा प्रेषित सूचना से संतुष्ट न होने के कारण अपीलार्थी द्वारा अपने पत्र जो कि प्राधिकरण में दिनॉक 04.01.2022 को प्राप्त हुआ । आवेदक द्वारा प्रथम अपील दायर की गई । इस अपील पर सुनवाई हेतु दिनॉक 15.02.2022 निर्धारित की गई । निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने के लिए सम्बन्धित जन सूचना अधिकारी सहित अपीलार्थी को सूचित किया गया ।

अग्रिम सुनवाई हेतु नियत दिनॉक 15.02.2022 को अपीलार्थी उपस्थित नहीं हुए ।

अतः जन सूचना अधिकारी (नियोजन) को निर्देशित किया जाता है कि चमनलाल वर्मा के उक्त प्रथम अपीलीय पत्र संख्या 3390 / 2022 व आर0टी0आई0 संख्या 19984 के क्रम में पुनः परीक्षण करते हुए उपलब्ध सूचना नियमानुसार 10 दिन के अन्दर अपीलार्थी को प्रेषित कराना सुनिश्चित करें ।

तदानुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

भवदीया,
22/2/2022
(मीना भार्गव)
महाप्रबन्धक (नियो0 / वास्तु0)

प्रतिलिपिः—

- नोडल अधिकारी (आर0टी0आई0) को सूचनार्थ प्रेषित ।
- जन सूचना अधिकारी (नियोजन) को इस आशय से प्रेषित कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना अपने स्तर से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करे ।
- Shri Chaman Lal Verma
  J-35 Arya Samaj Road
  Uttam Nagar Delhi-110059
  को सूचनार्थ प्रेषित ।

महाप्रबन्धक (नियो0 / वास्तु0)

# ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट संख्या 01 नॉलेज पार्क–04, ग्रेटर नोएडा सिटी
गौतमबुद्ध नगर 201308

पत्रांक नियो0 / अपील / 2022 / 583
दिनांक 06 / 04 / 2022

सेवा में,

Shri Chaman Lal Verma
J-35 Arya Samaj Road
Uttam Nagar Delhi-110059

महोदय,

कृपया जन सूचना अधिकारी अधिनियम–2005 के अन्तर्गत अपील संख्या 3346 / 2022 के तहत की गई अपील दिनॉक 17.02.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक के प्रत्युत्तर पत्र में सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

उपरोक्त के संबंध में अवगत कराना है कि आपके अपील पत्र में आपको व्यक्तिगत रूप से प्राधिकरण कार्यालय में सुनवाई हेतु दिनॉक 21.04.2022 को 11.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कक्ष में नियत की जाती है। कृपया उक्त दिनॉक एवं समय पर सुनवाई हेतु उपस्थित होने का कष्ट करें ।

भवदीया,

(मीना भार्गव)
महाप्रबन्धक (नियो0 / वास्तु0)
प्रथम अपीलेट अधिकारी

प्रतिलिपिः–

- जन सूचना अधिकारी (नियोजन) संलग्न आर0टी0आई0 पत्र आपको इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि कृपया निर्धारित तिथि व समय पर आवेदक द्वारा चाही गई सूचना की पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें ।

महाप्रबन्धक (नियो0 / वास्तु0)
प्रथम अपीलेट अधिकारी